राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7–ए, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे, बनिपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांक – काउन्सलिंग / सत्र(2020–21) / 93 दिनांक : 18/8/21

:: जन साधारण सूचना ::

राजस्थान राज्य में राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से मान्यता / संबद्धता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय / संस्थानों में विभिन्न पैरा मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2020–21 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र दिनांक 03.02.2021 से 23.04.2021 तक आमंत्रित किये गये थे। जिसमें प्राप्त आवेदन–पत्रों के आधार पर सत्र 2020–21 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक – 28 दिनांक 28.01.2021 के बिंदु संख्या 8(ii) के अनुसार प्रथम काउन्सलिंग (ऑनलाईन) के लिए विकल्प–पत्र **(महाविद्यालय / संस्थान एवं पाठ्यक्रम के समुच्चय (Combination) का चुनाव)** करने हेतु पोर्टल खोला गया था जिसकी अंतिम दिनांक 18.08.2021 है।

गत दिनों बैंको के सर्वर पर आई परेशानी से अधिक संख्या में अभ्यर्थियों के द्वारा विकल्प पत्र भरने हेतु अदा किये गये शुल्क (रूपये 1000/– प्रति अभ्यर्थी) के ट्रांजेक्शन फेल हुये है जिससे कई अभ्यर्थियों का पैसा उनके खाते से कट गया है लेकिन विकल्प–पत्र के पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है। इस कारण कई अभ्यर्थियों का पैसा खाते से कटने के बावजूद विकल्प–पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुयी है। इन फेल ट्रांजेक्शन के द्वारा किये गये भुगतान का संबंधित खाते में प्रतिदाय अथवा विकल्प–पत्र के पोर्टल पर अद्यतन के लिए समय लग रहा है।

अतः विकल्प–पत्र भरने के लिए पोर्टल की अंतिम तिथि को दिनांक 18.08.2021 से बढाकर दिनांक 24.08.2021 किया जाता है।

रजिस्ट्रार